प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 गुरूवार दिनांक 18.12.2025

- लोकसभा में विकसित भारत – जी राम जी विधेयक पारित–कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार गांवों को विकसित बनाना चाहती है।
- सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन इनामी माओवादी मारे गए।
- सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की जयंती पर आज प्रदेशभर में हो रहे हैं विभिन्न कार्यक्रम।
- रायपुर के आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ।

जी–राम–जी– विधेयक

लोकसभा ने विकसित भारत – रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण जी–राम–जी– विधेयक पारित कर दिया है। इस विधेयक का उद्देश्य विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के लक्ष्य के अनुरूप गांव का समग्र विकास करना है। नये विधेयक में श्रमिकों को हर साल एक सौ पच्चीस दिन का रोजगार मिलेगा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसके इसी साल बजट में प्रस्तावित है 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया, और ये रुपया कहां जाएगा ये मजदूरों को मजदूरी के लिए भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रूपया खर्चा करेगी।

केन्द्रीय मंत्री ने बताया कि इस विधेयक के तहत साठ प्रतिशत धनराशि मजदूरी और चालीस प्रतिशत धनराशि सामग्री के लिए निर्धारित है।

विधानसभा–स्थगित

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र कल संपन्न हो गया। नवा रायपुर अटल नगर स्थित विधानसभा के नये भवन में यह पहला सत्र था। चौदह दिसंबर से शुरू हुए इस सत्र के दौरान कुल पांच बैठकें हुईं।

सत्र के अंतिम दिन विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के इतिहास में छठे विधानसभा के इस सातवें सत्र का उल्लेख जरूर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सत्र के दौरान रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ के भविष्य पर केंद्रित ''अंजोर छत्तीसगढ़ विजन दो हजार सैंतालीस'' पर चर्चा हुई। वहीं, पैंतीस हजार करोड़ रूपये का प्रथम अनुपूरक बजट भी पारित हुआ। सत्र के अंतिम दिन वंदे मारतम् पर भी चर्चा हुई।

माओवादी मुठभेड़

सुकमा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित तीन माओवादी मारे गए हैं। तीनों माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मारे गए दो एसीएम रैंक के माओवादियों पर पांच–पांच लाख रूपये और महिला माओवादी पर दो लाख रूपये का इनाम घोषित था।

पुलिस के अनुसार किस्टाराम थाना क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट रिज़र्व गार्ड–डीआरजी की टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान आज सुबह सिंगनमरागु इलाके में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल से दो बंदूक और एक पिस्तौल के साथ ही भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है।

गुरू घासीदास जयंती

सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरू घासीदास की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंगेली जिले के ग्राम सेतगंगा स्थित सेतगंगा धाम में आयोजित गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सामुदायिक भवन निर्माण और राम–जानकी मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पचास–पचास लाख रूपये तथा जयंती कार्यक्रम के आयोजन के लिए दस लाख रुपये देने की घोषणा की। इसके साथ ही श्री साय ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा के लिए बांध निर्माण का आश्वासन भी दिया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सतनामी समाज के लोगों को गुरू घासीदास जयंती की बधाई दी।

मुख्यमंत्री आज गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर मुंगेली के सेतगंगा धाम और लालपुर के अलावा भिलाई तथा रायपुर में आयोजित कार्यक्रमों में भी शामिल हो रहे हैं।

गुरु घासीदास जयंती पर राज्यपाल रमेन डेका ने लोकभवन में उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर श्री डेका ने कहा कि गुरु घासीदास जी ने मानव समाज को प्रेम और सद्भावना का संदेश दिया और समाज में व्याप्त भेदभाव तथा असमानता को दूर कर समतामूलक समाज स्थापित करने पर बल दिया।

मेगा स्वास्थ्य शिविर

बाबा गुरु घासीदास की जयंती के अवसर पर रायपुर के आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में आज से पांच दिवसीय निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत हुई। बाईस दिसंबर तक चलने वाले इस शिविर का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। इस अवसर पर श्री साय ने कहा कि यह स्वास्थ्य शिविर लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

कार्यक्रम को विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक राजेश मूणत और किरण सिंह देव ने भी संबोधित किया।

भाजपा–सूची

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने भारतीय जनता युवा मोर्चा–भाजयुमो के तेईस जिला अध्यक्षों, चौदह महामंत्रियों और महिला मोर्चा की उनतीस जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा की है। वहीं, प्रदेश महिला कार्यकारिणी में चौंतीस प्रदेश पदाधिकारी, छियासी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, बावन विशेष आमंत्रित सदस्य और चालीस स्थायी आमंत्रित सदस्यों की सूची जारी की गई है। इसके अलावा पार्टी ने भाजयुमो के साठ प्रदेश पदाधिकारियों की भी नियुक्ति की है।

बिज़नेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम

भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम रायपुर ने "बिज़नेस एक्सेलरेटर कार्यक्रम" की शुरुआत की है। आईआईएम रायपुर के प्रोफेसर सत्यसिबा दास ने बताया कि यह कार्यक्रम उभरते उद्यमियों, स्टार्टअप संस्थापकों और नवाचारकर्ताओं को अपने व्यवसाय को आगे ले जाने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा।

इच्छुक उम्मीदवार कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी और आवेदन के लिए आईआईएम रायपुर की आधिकारिक वेबसाइट को देख सकते हैं।

मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया अवॉर्ड

औषधीय और सुगंधित पौधों के कृषिकरण के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए छत्तीसगढ़ के तीन जिले – धमतरी, मुंगेली और गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही को ''मिलेनियर फार्मर ऑफ इंडिया अवॉर्ड'' से सम्मानित किया गया है। कृषि जागरण संस्था और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में सात से नौ दिसंबर तक नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा ने इन जिलों को यह पुरस्कार प्रदान किया।

इस उपलब्धि पर वन मंत्री केदार कश्यप ने तीनों जिलों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती से आदिवासी अंचलों में रोजगार और आय के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह उपलब्धि राज्य के किसानों और महिला समूहों के लिए प्रेरणास्रोत है।

दुर्घटना

बस्तर जिले में आज हुए अलग–अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई है। वहीं, करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस बस्तर जिले के ग्राम तारागांव के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में एक यात्री की मौत हो गई। जबकि, छह अन्य घायल हो गए। घायलों का इलाज भानपुरी और जगदलपुर के अस्पताल में चल रहा है।

वहीं, जगदलपुर के आड़ावाल गांव के पास हुए एक अन्य हादसे में ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को ठोकर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

जवान–आत्महत्या

नारायणपुर जिले में सीमा सुरक्षा बल–बीएसएफ के जवान ने आत्महत्या कर ली है। यह जवान सोनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत होरादी कैंप में पदस्थ था।

मृतक जवान मूल रूप से उत्तरप्रदेश का निवासी था। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक रॉबिन्सन गुड़िया ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रीरामलला दर्शन योजना

श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत आज राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से साढ़े आठ सौ श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अध्यक्ष नीलू शर्मा और राजनांदगांव के महापौर मधुसूदन यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भारत गौरव स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

वहीं, दुर्ग रेलवे स्टेशन से भी एक सौ पचासी श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। स्पेशल ट्रेन को विधायक ललित चंद्राकर और कलेक्टर अभिजीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संक्षिप्त समाचार

- दुर्ग जिले में ''प्रशासन गांव की ओर'' अभियान के तहत कल उन्नीस से पच्चीस दिसंबर तक जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा।
- मुंगेली के डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में कल जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान लोकनृत्य और लोकगीत के साथ ही वाद–विवाद, कहानी लेखन सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं होंगी।
- कोरबा जिले के कटघोरा वनमंडल के बिंझरा गांव में हाथी के हमले से एक महिला की मौत हो गई है। इससे पहले, इसी वनमंडल के अंतर्गत लीमपानी गांव में भी हाथी ने एक महिला को कुचलकर मारा डाला था।